# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–24.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी कैडेटों, कलाकारों और जनजातीय समुदाय के अतिथियों से करेंगे मुलाकात।
- भ्रष्टाचार की आरोपी आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की निलंबन वापसी और पोस्टिंग पर भाजपा ने उठाये सवाल, सांसद रविशंकर प्रसाद ने हेमंत सोरेन सरकार पर साधा निशाना।
- कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेंगलुरु में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के उदघाटन सत्र को किया संबोधित, कहा– मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए झारखंड में किसानों को दी जा रही है प्रोत्साहन राशि।
- रांची समेत राज्यभर में कल से फिर बढ़ सकती है ठंड, मौसम विभाग ने न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट का जताया अनुमान।
- एचआईएल के महिला वर्ग में ओडिशा वॉरियर्स फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बनी, पुरुष वर्ग में तमिलनाडु ड्रैगन्स ने हैदराबाद तूफान्स को हराया।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी और युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के कैडेटों, स्वंयसेवियों, कलाकारों तथा जनजातीय समुदाय के अतिथियों से मुलाकात करेंगे। आज प्रधानमंत्री आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें श्री मोदी उन कलाकारों से मुलाकात करेंगे जो पर्दे के पीछे रह कर काम कर रहे हैं।

******************

इधर, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले प्रतिभागियों ने मुलाकात की। अपने दिल्ली स्थित आवास पर एक कार्यक्रम में उन्होंने झारखंड के प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि कई साल बाद झारखंड को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय परेड में हिस्सा लेने का मौका मिला है, यह राज्य के लिए सौभाग्य की बात है।

******************

राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता दोहरायी है। गिरिडीह जिले के गांडेय विधानसभा क्षेत्र के बेंगाबाद प्रखंड स्थित रातडीह में झामुमो की ओर से आभार यात्रा सह अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार पिछले कार्यकाल से भी बेहतर कार्य किया जायेगा।

मौके पर गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं।

******************

भारतीय जनता पार्टी ने भ्रष्टाचार की आरोपी आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की निलंबन वापसी और उनकी पोस्टिंग पर सवाल उठाये हैं। दिल्ली में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस भी सरकार का हिस्सा है और राहुल गांधी को यह जवाब देना चाहिए कि पूजा सिंघल पर हेमंत सोरेन की सरकार इतनी मेहरबानी क्यों दिखा रही है।

******************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि मोटे अनाज पोषण के आधार हैं। वे बेंगलुरु में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के उदघाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि झारखंड का आदिवासी समाज आज भी मिलेट की खेती से जुड़ा हुआ है और मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से किसानों को प्रति एकड़ तीन हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के दस वर्ष पूरे होने पर गिरिडीह जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

******************

रांची समेत राज्य के अन्य हिस्सों में कल से एक बार फिर ठंड बढ़ने की संभावना है। मौसम विभान ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि इस दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान झारखंड के उत्तरी और मध्य हिस्सों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

******************

ओड़िशा वॉरियर्स महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन संस्करण के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है। कल रांची में दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ खेले गए मैच में शूटआउट में 3–2 से हारने के बावजूद ओडिशा वॉरियर्स फाइनल में अपनी जगह पक्की करने में सफल रही। ओडिशा वॉरियर्स की कप्तान नेहा गोयल ने आगे के मैचों में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इधर, दिल्ली एसजी पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर ने कहा कि इस टूर्नामेंट के दौरान उनके खिलाड़ियों को कई अनुभव मिले हैं, जो भविष्य में उनके काम आएंगे।

उधर, पुरुष हॉकी इंडिया लीग में कल रात राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में पूल बी के एक मैच में खेल 2–2 से ड्रॉ के बाद, तमिलनाडु ड्रैगन्स ने हैदराबाद तूफान्स के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 4–3 से जीत हासिल की।

******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बेतिया डीइओ के ठिकानों पर एसवीयू की रेड की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर और हिन्दुस्तान ने बेतिया डीइओ के ठिकानों से ढाई करोड़ रुपये मिलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–राज्य में दो साल में दो लाख सात हजार सरकारी पद घटे, अब एक लाख उनसठ हजार पद ही खाली।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–छात्र के बैंक खाते से करोड़ों रुपये की लेनदेन, सीबीआई ने की छापेमारी।

***************